प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
(स्वशासी प्रकोष्ठ)
ACCREDITED BY NAAC "B" Dt. 17/05/2022

Ph.No. : 07162-236477
Ph.No. : 07162-351002
Mob. No 9425433966

E-Mail :hegpgchi@mp.gov.in
Website :- www.mpcollege.nic.in
hgapgcchhindwara/index.htm

पत्र क्र.1161/स्वशासी प्रकोष्ठ/2026 दिनांक :–08/06/2026

## //अंकसूची प्रोफार्मा मुद्रण निविदा वर्ष 2026–27//

विषयः– स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं की अंकसूची प्रोफार्मा मुद्रण किये जाने के संबंध में ई–निविदा आमंत्रण सूचना/विज्ञप्ति।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा अंकसूची प्रोफार्मा मुद्रण/क्रय हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी फर्म/अभिकरण से ऑनलाइन निविदा (Two Bid Tender System परिशिष्ठ प्रतिष्ठित अ एवं ब) तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण/शर्ते www-mpetendre.gov.in पर उपलब्ध है तथा यह प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा की अधिकृत वेबसाइट pgcollegechhindwara.edu.in पर भी अवलोकन किया जा सकता है।

निविदाकर्ता निम्नलिखित विवरण/तिथि अनुसार निविदा प्रस्तुत करें :–

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | – 09/06/2026 |
| ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि | – 23/06/2026 Time 17:00 PM |
| ऑनलाइन निविदा भरने की तिथि | – 23/06/2026 Time 17:00 PM |

ई–निविदा उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष महाविद्यालय में गठित समिति द्वारा दिनाँक 25/06/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे स्वशासी प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में खोले जावेगें। निविदाकारों से अनुरोध है कि तकनीकी बीड से संबंधित दस्तावेजो को ऑनलाइन सील बंद लिफाफे में स्वशासी प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा को दिनाँक 23/06/26 को 5:00 P.M. तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये जा सकेंगे। डाक वितरण (Postal distribution) की स्थिति में किसी भी प्रकार के विलंब (delays) के लिये महाविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा तथा डाक ग्रहण नहीं होगी।

नोट :– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा। यह केवल महाविद्यालय की वेबसाइट pgcollegechhindwara.edu.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिंदवाड़ा

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner

## //निविदाकर्ता हेतु आवश्यक अर्हकारी शर्तें//

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य के रूप में राशि रूपये 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) www-mptender-gov-in पर जमा करना होगा।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 4,50,000/– (चार लाख पचास हजार) रूपये होगा। (सुरक्षा राशि EMD न्यूनतम 3 प्रतिशत अर्थात 13,450/–(तेरह हजार पाँच सौ रूपये मात्र) एमपी टेण्डर में ऑनलाईन जमा कर उसकी एक प्रति हार्ड कॉपी प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में जमा करना होगा। (म.प्र. शासन के आदेश क्रमांक एफ 9–20/2021/ अ–73, भोपाल, दिनांक 13/01/2023 के अनुसार पात्र फर्मों को उक्त EMD में छूट प्राप्त होगी)
3. निविदाकार को निविदा में भाग लेने हेतु फर्म का GST नम्बर, PAN नम्बर, स्वयं सत्यापित कर छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. विगत तीन वर्षों (2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) का आयकर रिटर्न, बैलेंस शीट, फर्म का वार्षिक न्यूनतम टर्न ओवर निविदा मूल्य का आठ गुना (सी.ए द्वारा ऑडिटेड) होना अनिवार्य है।
5. फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा स्थायी पते के रूप में कोई भी एक अधिकृत दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. 100 रुपये के स्टाम्प पर किसी शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में ब्लेकलिस्टेड न होने तथा सुरक्षा राशि जप्त न होने का नोटराइज्ड प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदाकार के पास स्वयं के स्वामित्व की अंकसूची मुद्रण कार्य हेतु उपयुक्त ऑफसेट मशीन, हार्ड स्टेम्पिंग मशीन तथा प्रिंटिंग का पूर्ण यूनिट होना अनिवार्य है। इसके प्रमाण/अभिलेख संलग्न करें।
8. निविदाकार द्वारा किसी एक शासकीय विश्वविद्यालय/स्वशासी महाविद्यालय में किये गये अंकसूची प्रिंटिंग (proforma) के कार्य आदेश की छाया प्रतियां तथा मुद्रित प्रोफार्मा अंकसूची के नमूने संलग्न करें।
9. अंकसूची मुद्रण के उपयोग में लाए जाने वाले पेपर नमूने पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का (Micron)निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा। पेपर सेम्पल सही न पाये जाने पर निविदा निरस्त करने का अंतिम अधिकार प्राचार्य का होगा।
10. तकनीकी निविदा में सफल निविदाकार /फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी ।

Scanned with OKEN Scanner

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा, में निम्नलिखित विवरण अनुसार अंकसूची प्रोफार्मा का मुद्रण किया जावेगा जिसकी तकनीकी विवरण, निर्बन्धन एवं शर्ते निम्नानुसार है:–

| क. | मुद्रणकार्य का विशिष्टीकरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | अंकसूची का आकार "8.5 × 11.5" अंकसूची में प्रयुक्त पेपर का ब्रांड नॉन–टेरेबल–(PET Papepr) 150 Micron ± 5%<br>अंकसूची में प्रयुक्त सुरक्षा मानक<br>1. UV – Invisible ink<br>2. Microcline Border<br>3. Hologram<br>4. Copy and Check Feature<br>5. Multi colour Printing<br>6. Micro Word<br>7. Ultra Violet Water Mark Mono<br>8. Numbering Computerised<br>9. Back Checking | 30,000.00<br>(तीस हजार मात्र) |

## // सामान्य शर्ते //

1. सफल निविदा की फर्म की उत्पादन क्षमता ऑकलन हेतु उनके परिसर का निरीक्षण आवश्यकतानुसार किया जा सकेगा।
2. प्रिंटिंग पेपर सहित मुद्रण कर सामग्री का परिवहन महाविद्यालय कार्यालय तक किया जायेगा। इस हेतु फर्म को कोई अलग से भुगतान नहीं किया जावेगा।
3. निविदाओं में न्यूनतम दर होना ही पर्याप्त नहीं है, निविदा क्रय समिति की अनुशंसा, निविदा की दर एवं मुद्रण की गुणवत्ता के आधार पर भी क्रय की अनुशंसा महाविद्यालय प्रशासन कर सकती है।
4. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता के अनुसार नही पाई गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाए जाने पर प्रतिभूति राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर. राजसात कर ली जावेगी। देयक भुगतान के पूर्व गुणवत्ता परीक्षण करवाया जावेगा उसके उपरांत ही भुगतान होगा।
5. मुद्रित सामग्री में विलंब की स्थिति में प्रतिदिवस कुल लागत की 0.5% शास्ति (पेनाल्टी) अधिरोपित की जा सकती है।

Scanned with OKEN Scanner

6. शासन द्वारा समय–समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधो या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलंब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा तथापि कोई लीगल/प्रकियागत बाधा उत्पन्न न होने की स्थिति में 45 दिनों के भीतर भुगतान किया जा सकेगा।
7. आवश्यकतानुसार कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा का होगा।
8. निविदाकार द्वारा प्रतिभूति के रुप में जमा तीन प्रतिशत राशि उनके समस्त प्रकार के कर अदायगी की पावती/चालान की सत्यापित प्रति अपलब्ध कराने पर मुक्त की जायेगी।
9. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा को भेजा जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा।
10. सामग्री मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले पेपर नमूने पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का जी.एस.एम/माईक्रॉन, निविदा अनुसार निर्धारित स्पेसिफिकेशन का ही होना चाहिये अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी।
11. वित्तीय बीड के अनुसार वांछित सामग्री की दरों को महाविद्यालय द्वारा स्वीकृत न्यूनतम दरें 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिये मान्य रहेगी। इस संबंध मे सफल निविदाकर्ता एवं महाविद्यालय के मध्य अनुबंध को एक वर्ष पश्चात् आपसी सहमति के आधार पर एक–एक वर्ष करके अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।
12. अंकसूची की संख्या में वृद्धि/कमी करने का अधिकार महाविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

Scanned with OKEN Scanner

13. मुद्रित अंकसूची मुद्रण में महाविद्यालय का एकाधिकार होगा एवं अंकसूची प्रदायकर्ता द्वारा इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जावेगा, यदि उक्त का उल्लंघन होता है तो प्रदायकर्ता फर्म पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

14. फर्म के पास स्वयं की मुद्रण व्यवस्था/क्षमता होनी चाहिए। इसका आउटसोर्स अमान्य होगा।

15. अंकसूची प्रोफार्मा के नमूने का अवलोकन कार्यालयीन समय पर स्वशासी प्रकोष्ठ में निविदा के दौरान किया जा सकता है।

16. BOQ में यदि कोई कर वर्तमान में शासन द्वारा प्रचलित हो तो उसे जोड़कर दर अंकित करें केवल जीएसटी महाविद्यालय द्वारा अलग से देय होगा। फर्म द्वारा समस्त दस्तावेज अद्यतन स्थिति में मान्य होंगे।

नोट :— नियम, तकनीकी एवं वित्तीय शर्तों पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर, रबर सील लगाकर इसे तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

Scanned with OKEN Scanner

BOQ

| कमांक | प्रोफार्मा की संख्या | मुद्रण की दर प्रति नग GST छोड़कर | मुद्रण की दर प्रति नग GST सहित |
|---|---|---|---|
| 1. | 1 नग प्रोफार्मा अंकसूची<br>आकार "8.5 × 11.5"<br>नॉन–टेरेबल– (PET Paper) 150 Micron ± 5% | | |

Scanned with OKEN Scanner